सोशल आडिट निदेशालय

Phone No.: 0522-4003787
Mob.: 9453535353
E-mail: socialauditup@yahoo.in

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

पत्रांकः 122 / सो.आ.नि.–318 / 2013

दिनाँकः 09 जुलाई, 2013

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिला कार्यक्रम समन्वयक / जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः जिला सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों तथा ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों के पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सोशल आडिट की प्रगति के सम्बन्ध में मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 29 मई, 2013 की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में कृषि उत्पादन आयुक्त ने दिनांक 27 जून, 2013 को सम्पन्न बैठक, जिसमें प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग ने भी प्रतिभाग किया, ने निम्नवत् निर्णय लिया है :–

1– समस्त जनपदों में जिला सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों के रिक्त सभी पदों को तत्काल भरने की कार्यवाही की जाए।

2– जिन ब्लाकों में सोशल आडिट कोआर्डिनेटर्स अभी तैनात नहीं हैं और पूरे ब्लाक में वर्ष 2012–13 में मनरेगा के अर्न्तगत व्यय की गई धनराशि रु 1.00 करोड़ से कम है, ऐसे विकास खण्डों में ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर्स के रिक्त पदों को न भरा जाए। इन विकास खण्डों का अतिरिक्त प्रभार आवश्यकता पड़ने पर निकटस्थ ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर को दिया जा सकता है। दोहरा प्रभार देने की स्थिति में अतिरिक्त प्रभार के लिए ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर को रू0 2000/– प्रतिमाह नियत यात्रा व्यय अलग से अनुमन्य किया जाएगा।

आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त निर्णयानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शंकर सिंह)
निदेशक।

पृष्ठांकन संख्या 122/सो.आ.नि./2013 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग (अनुभाग—7), उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

2— आयुक्त/रोजगार गारण्टी आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

3— समस्त अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक/मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

(शंकर सिंह)
निदेशक।